# अपने EASYHALER® का उपयोग करने के लिए निर्देश

Easyhaler का उपयोग और स्टोर करने के तरीकों के बारे में और जानकारी के लिए कृपया पैकेज पर्चे में देखें

ORION PHARMA

## कैसे शुरू करें?




- Easyhaler का हर नया’ डिवाइस पाउडर को शुष्क/सुखा रखने के लिए एक फॉयल से बनी थैली में आता है।
- जब तक आप अपने Easyhaler’ इनहेलर का उपयोग शुरू करने के लिए तैयार न हों, पाउच को न खोलें।
- Easyhaler’ डिवाइस में हटाने योग्य डस्टकैप सहित माउथपीस होता है।
- जब आप इसका उपयोग नहीं कर रहे हैं तो सुनिश्चित करें कि आपके Easyhaler’ डिवाइस का माउथपीस डस्टकैप से कवर हो। यह किसी भी दवा के आकस्मिक रिलीज को रोक देगा।

## EASYHALER® निर्देश वीडियो

मुझे स्कैन करें

Easyhaler का उपयोग कैसे करें’ वीडियो देखने के लिए इस पृष्ठ पर दिए QR कोड को स्कैन करें।

आप अपने Easyhaler’ डिवाइस के लेबल, पैकेज कार्टन पर और पैकेज पर्चे पर भी QR कोड पा सकते हैं

वैकल्पिक रूप से, इस सामग्री को देखने के लिए www.oeh.fi/uk पर जाएँ।

## अपने EASYHALER® खुराक कैसे लें ?



### 1. हिलाएं

- डस्टकैप को हटा दें।
- अपनी तर्जनी की अंगुली और अंगूठे के बीच इनहेलर रखें।.
- **इनहेलर को 3-5 बार ऊपर-नीचे** हिलाएं।



### 2. क्लिक

- जब तक आप एक क्लिक नहीं सुनते तब तक **नीचे दबाएं**।
- फिर इसे अपनी मूल स्थिति में वापस आने दें।



ATC 2023 Association of Translation Companies Certified Translation produced by TW Languages Member No. 2023ATCAC1146

### 3. सांस लें

- डिवाइस से दूर सामान्य रूप से सांस लें।
- इनहेलर के माउथपीस को अपने मुंह में रखें, अपने होठों को माउथपीस के चारों ओर कसकर बंद करें।
- **गहरी और मजबूत सांस लें।**
- इनहेलर को अपने मुँह से बाहर निकालें और अपनी साँस को कम से कम 5 सेकंड तक रोकें।
- सामान्य रूप से साँस छोड़ें।
- यदि प्रिस्क्रीप्शन के अनुसार आपको एक से अधिक खुराक लेने की आवश्यकता होती है, तो हर बार आप जब अपने इनहेलर का उपयोग करते हैं तो ये 1 से 3 बार दोहराएं। एक बार जब आप यह प्रक्रिया पूरी करते हैं, तो माउथपीस पर डस्ट कैप को बदलें।
- यदि आपके Easyhaler’ डिवाइस में इनहेल्ड कॉर्टिकोस्टेरॉइड (निवारक) है तो आप अपने मुँह और गले को पानी से धोना और थूकना सुनिश्चित करें। निगलें नहीं। इससे मुख संबंधी फंगल संक्रमण (थ्रश) के जोखिम को कम करने में मदद मिलेगी।

# अपने EASYHALER® का उपयोग करने के लिए निर्देश

ORION PHARMA

## सुरक्षा कवर



- एक सुरक्षा कवर वैकल्पिक है। सुरक्षा कवर खोलें और उस में इनहेलर डालें।
- सुरक्षा कवर का उपयोग करते समय, कवर खोलें और चरणों का पालन करें:
  **1. हिलाएं, 2. क्लिक करें और 3. सांस लें**
- डस्टकैप को बदलें और फिर सुरक्षात्मक कवर पर कवर को बंद करें।

## सफाई



- माउथपीस को साफ सूखे कपड़े या टिश्यु से साफ करें।.
- अपने Easyhaler® को साफ करने के लिए पानी या अन्य तरल पदार्थों का उपयोग न करें। आपके इनहेलर के अंदर का पाउडर नमी के प्रति संवेदनशील हो सकता है।
- यदि आप एक सुरक्षात्मक कवर का उपयोग कर रहे हैं, तो आपको माउथपीस साफ करने के लिए इनहेलर को हटाने की आवश्यकता नहीं है।

## कब क्या करें...




### आपने एक बार से अधिक क्लिक किया?

- क्या आपने इनहेलर गलती से क्लिक किया?
  उचित खुराक सुनिश्चित करने के लिए केवल एक बार क्लिक करना महत्वपूर्ण है।

### आपने इनहेलर में साँस छोड़ी?

- क्या आप इनहेलर **में** सांस ली है?
  यह महत्वपूर्ण है कि आप इनहेलर माउथपीस में साँस न लें क्योंकि इससे इनहेलर बंद हो सकता है।



### समाधान

### माउथपीस को खाली करें!

- टेबल टॉप या अपने हाथ की हथेली पर पाउडर निकालने के लिए माउथपीस को टैप करें।
- फिर चरणों के साथ फिर से शुरू करें:
  **1. हिलाएं, 2. क्लिक करें और 3. सांस लें।**

## एक नया EASYHALER प्राप्त करना



खुराक काउंटर

- इनहेलर की एक तरफ खुराक काउंटर लगा होता है। इससे पता चलता है कि आपके डिवाइस में कितनी खुराक बची है।
- काउंटर हर 5वीं खुराक के बाद बदल जाता है और प्रदर्शित संख्या 10 की इकाइयों में कम हो जाती है।
- जब खुराक काउंटर लाल हो जाता है, तो 20 खुराक शेष रह जाती हैं। यदि आपके पास पहले से नया इनहेलर नहीं है, तो एक नए प्रिस्क्रिप्शन के लिए अपने डॉक्टर से संपर्क करें।
- **जब काउंटर 0 तक पहुंच जाता है, तो आपको इनहेलर को बदलने की आवश्यकता होती है।**
- यदि आप सुरक्षात्मक कवर का उपयोग कर रहे हैं, तो कृपया इसे अपने अगले इनहेलर के साथ उपयोग करने के लिए रखें।

यदि आपको कोई दुष्प्रभाव होता है, तो अपने डॉक्टर, फार्मासिस्ट या नर्स से बात करें। इस पैकेज पर्चे में सूचीबद्ध किसी भी संभावित दुष्प्रभाव को शामिल नहीं किया गया है। आप सीधे येलो कार्ड योजना के माध्यम से दुष्प्रभावों की रिपोर्ट यहां भी कर सकते हैं:
www.mhra.gov.uk/yellowcard.
दुष्प्रभावों की सूचना देकर, आप दवा की सुरक्षा के बारे में अधिक जानकारी प्रदान करने में मदद कर सकते हैं।


इस सामग्री को पुनर्नवीनीकरण कागज का उपयोग करके उत्पादित किया गया है

February 2023/EASYH-413f(2)



Orion Pharma (UK) Ltd, Abbey Gardens,
4 Abbey Street, Reading, RG1 3BA, UK



ATC 2023 Association of Translation Companies Certified Translation produced by TW Languages Member No. 2023ATCAC1146


ORION PHARMA